2 फरीदाबाद
लापरवाही या भ्रष्टाचार : स्मार्ट बनाना तो दूर उल्टा शहर को स्लम बना डाला

6 अभिमत

9 देश/विदेश
सच स्वीकार करना गुजरात का स्वभाव : मोदी

11 स्वास्थ्य
बस कुछ मिनट वार्म अप कर शरीर को रखें स्वस्थ

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, मंगलवार, 06 दिसंबर, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
पायनियर
ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



महिला अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप की कप्तान बनीं शेफाली
पेज - 12

# अंतरमहाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय द्वारा अन्तर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। 05 दिसंबर, 2022 को इस प्रतियोगिता के समापन सत्र में मुख्य अतिथि सुभाष शर्मा, जुडो कोच, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कमल टंडन उपस्थित रहे।

इस प्रतियोगिता के कंपाउंड राउंड के छात्र वर्ग में कुशल दलाल (सीडी जेएम कॉलेज, बुटाना) ने प्रथम, मोहित (एआईजेएचएम कॉलेज, रोहतक) ने द्वितीय तथा पुलकित कजला (साउथ पॉइंट कॉलेज, सोनीपत) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में नीतू मलिक (एमकेजेके कॉलेज, रोहतक) ने प्रथम, मुस्कान सैनी (अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़) ने द्वितीय तथा शिवानी देशवाल (एमकेजेके कॉलेज, रोहतक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने सभी खिलाडियों को हार जीत से ऊपर उठकर खेल को खेल की भावना से खेलने और स्वर्णिम भविष्य की कामना दी इस अवसर पर संयोजक (खेल समीति) डॉ. केएल कौशिक ने बताया कि खेल ही शारीरिक शक्ति का विपुल भण्डार है। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में आशा, स्फूर्ति एवं नवीन ऊर्जा का संचार होता है। इस इंटर कॉलेज तीरंदाजी प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न महाविद्यालयों से लगभग 100 खिलाडियों ने हिस्सा लिया। जिसमें इंडियन, रिकर्व और कम्पाउंड की प्रतिस्पर्धा कराइ गई।



**बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कालेज में आयोजित तीरदांजी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ विजेता खिलाड़ी।**